कपास का उत्पादन तथा निर्यात

218. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले वर्ष कपास उगाने वाले राज्यों में कपास का उत्पादन, राज्यवार, कितनी मात्रा में हुआ तथा चालू वर्ष में कपास का कितना उत्पादन होने का अनुमान है ;

(ख) पिछले वर्ष कितनी कपास का निर्यात किया गया तथा चालू वर्ष में निर्यात लक्ष्य क्या है ; और

(ग) भारतीय कपास निगम में इस वर्ष कपास की खरीद कब आरम्भ की और किन केन्द्रों के जरिये की तथा अब तक कितनी मात्रा में उसकी खरीद की जा चुकी है ?

वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री खुर्शीद आलम खान) : (क) गत रुई मौसम (1984-85) और वर्तमान रुई मौसम के दौरान रुई के राज्यवार उत्पादन का अनुमान निम्नलिखित था :-

राज्य	मात्रा (लाख गांठों में प्रत्येक गांठ 170 किग्रा की)	
	1984-85	1985-86
1. पंजाब 2. हरियाणा तथा 3. राजस्थान	21.00	24.50
4. गुजरात	21.10	18.00
5. महाराष्ट्र	17.85	18.00
6. मध्य प्रदेश	9.63	4.50
7. कर्नाटक	8.71	8.00
8. आन्ध्र प्रदेश	15.86	13.00
9. तमिलनाडू	6.85	7.25
अन्य	0.50	0.75
	101.50	94.00

(ख) गत रुई मौसम के दौरान 1.79 लाख गांठों की मात्रा निर्यात की गई थी । वर्तमान रूई मौसम के दौरान लम्बे तथा अधिक लम्बे रेशे वाली रुई की 10.00 लाख गांठें, बंगाल देशी की 52,000 गांठें तथा यलो पिकिंग्स की 25,000 गांठें निर्यात के लिए रिलीज की गई हैं ।

(ग) भारतीय रुई निगम ने महाराष्ट्र को छोड़कर, जहां राज्य सरकार की रुई एकाधिकार खरीद योजना चल रही है, सभी रुई उपजकर्ता राज्यों में, रुई की आवक के आरम्भ से ही रूई बाजार में प्रवश किया है । निगम ने महाराष्ट्र को छोड़कर विभिन्न रुई उपजकर्ता राज्यों में चल रहे 142 खरीद केन्द्रों की मार्फत चालू मौसम के दौरान 20-2-86 तक 8.86 लाख गांठों की खरीद की है ।